हिन्दुस्तान

# प्रदेश में 6850 स्टार्टअप पंजीकृत

लखनऊ- विशेष संवाददाता। यूपी में 6,850 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। सरकारहैं। एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडिकल से संबंधित स्टार्टअप आ रहे...

लखनऊ- विशेष संवाददाता

यूपी में 6,850 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। सरकार ने करीब तीन करोड़ के स्टार्टअप प्रोत्साहन स्वीकृत किए हैं। सरकार का लक्ष्य 10 हजार स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने का है। 20 जिलों में 52 इंक्यूबेटर्स कार्य कर रहे हैं।

सरकार का लक्ष्य हर जिले के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में कम से कम एक इंक्यूबेटर स्थापित होगा। सेक्टरवाइज स्टार्टअप के प्रमोशन के लिए प्रदेश के पांच बड़े विभागों उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग में इंक्यूबेटरों की स्थापना की जा रही है। सरकार की ओर से स्टार्टअप के लिए एक हजार करोड़ रुपए निधि का कोष बनाया गया है। स्टार्टअप नीति के तहत प्रदेश में 10 विश्वविद्यालयों, राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों और एकेटीयू के घटक संस्थानों में 15 इनक्यूबेटर्स स्थापित किए गए हैं। एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडिकल से संबंधित स्टार्टअप आ रहे हैं।